हादसा | मानपुर के खुटार में हुआ भीषण सड़क हादसा, एक घायल

# बाइक और कार की भीषण भिड़ंत में 2 की मौत



**चिल्हारी नवभारत 20 जून।** जिले के मानपुर जयसिंहनगर सड़क मार्ग एनएच 10 में खुटार में फार्म के पास शनिवार को एक भीषण और रोंगटे खड़े कर देने वाला सड़क हादसा हुआ है। बाइक और कार की जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई है, वही एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर से निजी वाहन में मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया है।

बताया जाता है कि मानपुर के गोवर्दे के खैरभान टोला निवासी तीन युवक अपने रिश्तेदारी में गए थे जहां आज सुबह वापस अपने घर लौट रहे थे, जहां घर पहुंचने से करीब डेढ़-दो किलोमीटर पहले ही सड़क हादसे का शिकार हो गए। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि तीनों युवक बुरी तरह चोटिल जो गए।

### घायल को शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया

पुलिस से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार इस घटना में रामकेश केवट निवासी गोवर्दे की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, वहीं प्रदीप केवट उम्र करीब 30 वर्ष ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। घटना में घायल हिमांशु केवट को बेहतर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर से निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया है।



# छात्रों की अपार आईडी का लक्ष्य शत प्रतिशत पूरा

▸ जिला परियोजना समन्वयक ने ली खंड स्तरीय समीक्षा बैठक

**डिंडौरी, नवभारत 20 जून।** जिला शिक्षा केंद्र सर्व शिक्षा अभियान डिंडौरी के नवागत जिला परियोजना समन्वयक दिवाकर तिवारी ने शनिवार को करंजिया विकासखंड का भ्रमण कर खंड स्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में स्र्र के तहत संचालित सभी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई।

नवागत परियोजना समन्वयक के प्रथम आगमन पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं भी आरसी अजय राय ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। बैठक में परियोजना समन्वयक ने स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत प्रवेश उत्सव, मध्याह्न भोजन व्यवस्था, शत प्रतिशत पाठ्यपुस्तक वितरण, साईकिल वितरण आदि योजनाओं की समीक्षा की।

### शिक्षक शैक्षणिक कार्य ईमानदारी से करें

करंजिया विकासखंड में योजनाओं की सुचारू क्रियान्वयन पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। छात्रों की अपार आईडी, आधार कार्ड पंजीयन एवं प्रदेश के शत प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करने पर भी प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने ने सभी शिक्षकों से सरकार की योजनाओं को 100 प्रतिशत धरातल पर उतारने, पूर्ण ईमानदारी से शैक्षणिक कार्य करने एवं अनुशासन का पालन करते हुए कर्तव्य निर्वहन करने का आह्वान किया।

### टीम भावना से शैक्षणिक स्तर को ऊंचा उठाएं

विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजय राय ने नए सत्र की सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए टीम भावना से शैक्षणिक स्तर को ऊंचा उठाने की अपील की। इस अवसर पर बीएसी रामगोपाल झारिया, राजेश वालरे, सुनील नामदेव, सीएसी अशोक साहू, विजय यादव, सुशील कुमार नागेश्वर, संकुल प्राचार्य झनकी राम कुमार गर्ग, प्रधानपाठक आदि उपस्थित रहे।



# देवदूत परिवार ने मुक्तिधाम में चलाया पौधरोपण अभियान

▸ जनसहयोग से मानवता और पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को दी मजबूती

**शहपुरा नवभारत 20 जून।** सामाजिक सेवा और मानवता के कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले देवदूत परिवार द्वारा मुक्तिधाम परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।


कार्यक्रम में देवदूत परिवार के संस्थापक, सदस्यगण, जन प्रतिनिधि एवं नगर के नागरिकों ने सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। देवदूत परिवार पिछले कई वर्षों से डिंडोरी जिले सहित अन्य क्षेत्रों में रक्तदान, पौधरोपण, स्वच्छता अभियान तथा विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों का संचालन कर रहा है। संस्था मानव धर्म को सर्वोपरि मानते हुए समाजहित के कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही है।

**रखरखाव में भी देवदूत परिवार का महत्वपूर्ण योगदान है**-मुक्तिधाम के विकास और रखरखाव में भी देवदूत परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। संस्था द्वारा जनसहयोग से मुक्तिधाम में पौधरोपण, टीन शेड निर्माण, भगवान शिव की प्रतिमा स्थापना, अस्थि संरक्षण हेतु लॉकर व्यवस्था, दाह संस्कार स्थल पर लोहे की एंगल लगवाने, साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं प्रेरणादायी लेखन जैसे अनेक कार्य कराए गए हैं।

**पौधों की देखभाल का लिया संकल्प**-इसी क्रम में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने पौधों की सुरक्षा एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक नागरिक को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण में योगदान देना चाहिए। देवदूत परिवार के सदस्यों ने बताया कि संस्था भविष्य में भी समाजहित एवं मानवता से जुड़े कार्यों को इसी तरह निरंतर जारी रखेगी।

# गरीबों के सपनों को साकार कर रही सरकार : सिंह

▸ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित




**नौरोजाबाद नवभारत 20 जून।** जिले के नगर परिषद नौरोजाबाद में आज प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत स्वीकृत हितग्राहियों के लिए गृह प्रवेश एवं हितलाभ (स्वीकृत प्रमाण पत्र) वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व सांसद ज्ञान सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ज्ञान सिंह नगर परिषद अध्यक्ष कुशल सिंह एवं समस्त जनप्रतिनिधियों द्वारा योजना के तहत नए पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही, जिन हितग्राहियों के पक्के मकान बनकर तैयार हो चुके हैं, उन्हें पूरे आदर और विधि-विधान के साथ उनके नए मकानों में गृह प्रवेश कराया गया।

### पक्का घर पाकर हितग्राहियों के चेहरे खिले

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री पूर्व सांसद ज्ञान सिंह, परिषद के पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा हितग्राहियों को 'मेरा घर, मेरा सम्मान' के अंतर्गत उनके नए घर की प्रतीकात्मक चाबी सौंपकर बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। अपना पक्का घर और स्वीकृति पत्र पाकर हितग्राहियों के चेहरों पर साफ खुशी झलक रही थी।

### आवास योजना के सफल क्रियान्वयन की सराहना की

अपने संबोधन में पूर्व कैबिनेट मंत्री ज्ञान सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के जमीनी स्तर पर सफल क्रियान्वयन की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीबों के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका उदाहरण प्रधान प्रधानमंत्री आवास योजना है। इसके तहत आज मेरे द्वारा आठ हितग्राहियों को उनके सपने के घर में प्रवेश कराया गया है।

# नगर पालिका के नोटिस को कब्जाधारी बता रहे ठेंगा!

▸ अवैध कब्जे पर कार्यवाही नहीं वार्डवासियों में भारी आक्रोश



**नवभारत, धनपुरी।** नगर पालिका परिषद धनपुरी द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किए जाने के बावजूद आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं किए जाने से वार्डवासियों में भारी नाराजगी व्याप्त है। मामला वार्ड क्रमांक 20 (वर्तमान वार्ड क्रमांक 23) पुरानी बस्ती धनपुरी का है, जहां स्थानीय लोगों के निस्तार एवं पेयजल व्यवस्था के लिए छोड़ी गई शासकीय भूमि पर कथित रूप से जबरन कब्जा कर पक्की दीवार खड़ी कर दी गई है। जानकारी के अनुसार समाजसेवी हेमदास माहरा द्वारा क्षेत्रहित में भूमि दान की गई थी। इसी स्थान के समीप मौजूद शासकीय भूमि को नगर पालिका ने सार्वजनिक उपयोग के लिए सुरक्षित रखा था तथा वार्डवासियों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने हेतु यहां हैंडपंप स्थापित करने के लिए स्थान भी चिन्हित किया गया था। लेकिन एक स्थानीय निवासी द्वारा उक्त भूमि पर कब्जा कर दीवार निर्माण कर दिया गया, जिससे सार्वजनिक उपयोग की योजना प्रभावित हो गई।

इस संबंध में वार्डवासियों ने नगर पालिका में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत की जांच के बाद नगर पालिका परिषद धनपुरी के अतिक्रमण शाखा द्वारा 15 जून 2026 को नोटिस जारी कर संबंधित व्यक्ति को दो दिवस के भीतर अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए थे। नोटिस में स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि भूमि शासकीय अभिलेखों में निकाय की संपत्ति के रूप में दर्ज है तथा किया गया निर्माण नगर पालिका अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन है। हैरानी की बात यह है कि नोटिस जारी हुए कई दिन बीत जाने के बाद भी न तो अवैध निर्माण हटाया गया और न ही नगर पालिका द्वारा कोई प्रभावी कार्यवाही की गई। इससे यह सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर नगर पालिका का नोटिस केवल कागजी औपचारिकता था या फिर किसी दबाव में कार्यवाही को जानबूझकर टाला जा रहा है।स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि यदि आम व्यक्ति नगर पालिका के निर्देशों की अवहेलना करता है तो तत्काल कार्यवाही की जाती है, लेकिन इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी कई संदेहों को जन्म दे रही है। लोगों का कहना है कि सार्वजनिक हित और पेयजल व्यवस्था से जुड़े इस गंभीर मामले में प्रशासन की निष्क्रियता समझ से परे है।

# जैविक उत्पाद मानव स्वास्थ्य के लिए हैं लाभदायक : साहू

▸ विकास खण्ड के बीआरसी एवं सीआरपी के किसानों को दिया गया प्रशिक्षण



**शहपुरा नवभारत 20 जून।** जिले में कृषक भ्रमण आत्मा परियोजनातर्गत नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग बीआरसी यूनिट बनाए गए हैं, इनकी सभी कृषि सखी व कृषकों को भ्रमण कराकर प्रशिक्षण दिया गया।

नर्मदांचल गौ सेवा समिति ढोंढ़ा बीआरसी भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष व जैविक कृषि विशेषज्ञ बिहारी लाल साहू ने जैविक फार्म हाउस पर प्राकृतिक/गौवंश आधारित जैविक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भ्रमण के दौरान बीटीएम व किसानों को केंचुआ खाद, वर्मीवाश, जीवामृत, अग्नि अस्त्र, बीज उपचार सहित जैविक कृषि से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई।

### जैविक कृषि के बारे में किसानों को किया जागरूक

जैविक फार्म में उगाई जा रही सब्जियां, फल और धान का नर्सरी आदि फसलों को दिखाकर बताया गया कि प्राकृतिक/जैविक कृषि करने हेतु जिले के किसानों को प्रेरित एवं जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि अपने स्वयं के खाने के लिए सब्जी या आनाज अपने परिवार के लिए जितनी आवश्यकता होती है कम से कम शुरुवात के एक एकड़ भूमि में प्राकृतिक/गौवंश आधारित जैविक खेती करें।

### जैविक खेती का दिया जा रहा निरंतर प्रशिक्षण

बिहारी लाल साहू ने विगत 10 वर्षों से जैविक खेती के क्षेत्र में सक्रिय हैं और केवल स्वयं जैविक खेती कर रहे हैं, बल्कि जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए निरंतर प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहे हैं। वे किसानों के साथ-साथ महा विद्यालयों, विद्यालयों, शासकीय संस्थानों एवं एनजीओ के माध्यम से डिंडौरी सहित अन्य जिलों में जैविक खेती के प्रति जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

### जैविक खेती से भूमि अधिक उपजाऊ होती है

इस अवसर पर जैविक कृषि विशेषज्ञ बिहारी लाल साहू ने बताया कि जैविक उत्पाद मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं तथा रासायनिक मुक्त खेती मिट्टी की उर्वरता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए भी आवश्यक है। जैविक खेती से किसानों की लागत कम होती है और उपज की गुणवत्ता बेहतर होती है। साथ ही किसानों ने सराहना किया और जल्द ही अपने घर पर गोबर गैस चालू करने को कहा।

निरीक्षण | कलेक्टर ने गौशाला एवं नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

# गौवंश को हरा व सूखा चारा उपलब्ध कराया जाए : सहाय



**चिल्हारी नवभारत 20 जून।** कलेक्टर राखी सहाय ने जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत डोडका में संचालित गौशाला तथा पीएम जन मन योजना के तहत नव निर्मित आंगनबाडी केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

गौशाला के निरीक्षण के दौरान उन्होने उन्होंने गौवंश के रख रखाव, चारे एवं पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था तथा पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर श्रीमती सहाय ने गौशाला में मौजूद गौवंश की देखभाल के संबंध में अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की।

### देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं

उन्होंने निर्देश दिए कि गौशाला में पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में हरा एवं सूखा चारा उपलब्ध कराया जाए तथा स्वच्छ पेयजल की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गौवंश की सुरक्षा एवं संरक्षण शासन की प्राथमिकता है, इसलिए उनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

### साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखें

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गौशाला परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने तथा पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण नियमित रूप से कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गोबर एवं गोमूत्रआधारित उत्पादों के निर्माण तथा जैविक खेती में उनके उपयोग को बढ़ावा दिया जाए।

### आंगनबाड़ी की सुविधाओं का लिया जायजा

इसी तरह कलेक्टर राखी सहाय ने ग्राम डोंडका में ही प्रधानमंत्री जनमन (पीएम जनमन) योजना के तहत नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन की गुणवत्ता, बच्चों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा केंद्र के संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।

### स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

निरीक्षण के दौरान बताया कि ग्राम पंचायत व्दारा आंगनबाडी केंद्र का निर्माण किया गया है, जो अभी तक हैंडओव्हर नहीं हुई है। कलेक्टर श्रीमती सहाय ने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र में पेयजल, शौचालय, पोषण आहार वितरण, खेल सामग्री तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा की।

# रेल्वे ने बनाए करोड़ों के शेड, फिर भी पानी में डूबे अंडरब्रिज

▸ रेलवे की तकनीकी व्यवस्था पर उठे सवाल, जलभराव से त्रस्त हैं हजारों लोग



**नवभारत,शहडोल।** रेलवे विभाग की तकनीकी कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। शहर के विभिन्न अंडरब्रिज और अंडरपासों में हर बारिश के साथ होने वाले जलभराव की समस्या वर्षों से जस की तस बनी हुई है, लेकिन इसके स्थायी समाधान के बजाय करोड़ों रुपये खर्च कर शेड निर्माण जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। नतीजा यह है कि बारिश शुरू होते ही अंडरब्रिज तालाब में तब्दील हो जाते हैं और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

शहर के कोयलारी-कल्याणपुर अंडरब्रिज, पुरानी बस्ती अंडरपास और सिंहपुर रोड स्थित पोण्डा नाला अंडरब्रिज में हर वर्ष जलभराव की समस्या विकराल रूप ले लेती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रेलवे ने अंडरब्रिज के आसपास करोड़ों रुपये खर्च कर शेड तो लगा दिए, लेकिन पानी निकासी की प्रभावी व्यवस्था आज तक नहीं कर पाई। ऐसे में शेड आम लोगों के लिए राहत कम और सरकारी धन की बर्बादी का प्रतीक अधिक दिखाई देने लगे हैं।

बारिश होते ही बन जाता है तालाब कोयलारी-कल्याणपुर अंडरब्रिज की स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक बताई जा रही है। यह मार्ग केन्द्रीय विद्यालय, महर्षि विद्या मंदिर, निजी नर्सिंग कॉलेज, बीएड कॉलेज सहित आसपास के सैकड़ों गांवों को शहर से जोड़ता है। प्रतिदिन हजारों छात्र-छात्राएं, कर्मचारी और ग्रामीण इसी रास्ते से आवागमन करते हैं, लेकिन हल्की बारिश के बाद ही अंडरब्रिज में घुटनों तक पानी भर जाता है। स्थिति यह हो जाती है कि दोपहिया वाहन बंद पड़ जाते हैं, राहगीरों को पानी में उतरकर निकलना पड़ता है और दुर्घटना का खतरा लगातार बना रहता है। कई बार स्कूली बच्चों और महिलाओं को पानी के बीच से गुजरने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

**तकनीकी विशेषज्ञों की योजना पर सवाल**-स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि रेलवे के तकनीकी विशेषज्ञों ने अंडरब्रिज निर्माण के समय जल निकासी और पंपिंग सिस्टम की समुचित व्यवस्था की होती तो आज यह समस्या पैदा ही नहीं होती। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब हर वर्ष जलभराव की स्थिति सामने आती है तो इसके स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस योजना क्यों नहीं बनाई जा रही। लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये शेड निर्माण पर खर्च करने के बजाय यदि ड्रेनेज सिस्टम, उच्च क्षमता वाले पंप और वर्षाजल निकासी की वैज्ञानिक व्यवस्था विकसित की जाती तो हजारों लोगों को राहत मिल सकती थी। पुरानी बस्ती और सिंहपुर रोड क्षेत्र के रहवासियों का कहना है कि हर बारिश में वही समस्या दोहराई जाती है। शिकायतें होती हैं, निरीक्षण होते हैं, आश्वासन मिलते हैं, लेकिन हालात नहीं बदलते। अब लोगों के सब्र का बांध टूटने लगा है और वे रेलवे प्रशासन से जवाब मांग रहे हैं कि आखिर करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कब होगा।

**जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी सवालों के घेरे में**-स्थानीय लोगों का आरोप है कि वर्षों से जनता परेशानी झेल रही है, लेकिन न तो रेलवे प्रशासन पर दबाव बनाया जा रहा है और न ही किसी दीर्घकालिक योजना को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। यदि जल्द ही जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था नहीं की गई तो अंडरब्रिजों में जलभराव के कारण किसी बड़े हादसे से भी इंकार नहीं किया जा सकता। इस मामले में जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी समझ से परे है।